राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत, अल्मोडा

B. A./B. Sc./B. Com. 4th /6th Semester तथा M. A./M. Sc./M. Com. 2nd /4th Semester

कक्षाओं में प्रवेश/कक्षोन्नति के सन्दर्भ में विद्यार्थियों हेतु आवश्यक सूचना

दिनांकः 23/02/2024

B. A./B. Sc./B. Com. 4th /6th Semester तथा **M. A./M. Sc./M. Com. 2nd /4th Semester** कक्षाओं अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 26–02–2024 से सम–सेमेस्टर कक्षाओं में कक्षोन्नति/प्रवेश किया जाना है। **प्रवेश फार्म रू0 5/- मात्र** का नकद भुगतान कर महाविद्यालय कार्यालय/महाविद्यालय वैबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है। प्रवेश के सन्दर्भ में विद्यार्थियों हेतु सामान्य सूचना निम्नवत हैं–

1. NEP से आच्छादित विद्यार्थी प्रवेश से पूर्व अपने संकाय/सेमेस्टर में संचालित होने वाले प्रश्न–पत्रों (Elective papers, Vocational and Co-curricular आदि) को समझ लें, जिसकी सूचना महाविद्यालय के प्रत्येक संकाय के सूचना–पट पर चस्पा की गयी है।
2. NEP से आच्छादित यदि किसी विद्यार्थी द्वारा अभी तक ABC ID नहीं बनायी गयी है तो प्रवेश से पूर्व अपनी ABC ID बना लें। **ABC ID होने पर ही प्रवेश संस्तुत किया जायेगा।**
3. विद्यार्थी प्रवेश फार्म पूर्ण एंव साफ–साफ भरें, विषयों का चयन इत्यादि भलि–भॉति करें।
4. NEP से आच्छादित विद्यार्थी **अन्य संकायों से Elective papers का चयन करने पर सम्बन्धित संकाय अथवा विषय–प्राध्यापक (Subject Teacher) से तुरन्त सम्पर्क कर अपना नाम लिखवाकर कक्षाओं में आना सुनिश्चित करें,** जिससे की आन्तरिक मूल्यांकन/असाइन्मेंट इत्यादि में सम्मिलित किया जा सके।
5. प्रत्येक विद्यार्थी सम्बन्धित संकाय/विभाग में चस्पा की गई Minor Elective, Vocational, Co-curricular आदि विषयों से सम्बन्धित जानकारी तथा इनके अध्यापन हेतु महाविद्यालय द्वारा गठित प्राध्यापकों के नामों से अवगत हो लें।
6. प्रवेश फार्म विद्यार्थी द्वारा स्वंय भरा जाये तथा प्रवेश हेतु विद्यार्थी स्वयं उपस्थित होवें।
7. प्रवेश फार्म में विद्यार्थी **विगत सभी समेस्टर की स्वप्रमाणित अंक–तालिकायें अनिवार्यतः संलग्न करें।**
8. विद्यार्थी उक्त कक्षाओं में प्रवेश के समय **महाविद्यालय प्रवेश शुल्क जमा की मूल रशीद (Original Copy) अवश्य साथ लायें** जो कि प्रवेश समिति द्वारा सत्यापन हेतु मांगी जायेगी।
9. विद्यार्थी प्रवेश हेतु **विगत विषम सेमेस्टर (जिसकी हाल परीक्षायें दी है) की परीक्षा शुल्क जमा (Exam Fee Receipt) की छाया प्रति अवश्य साथ लायें।**
10. प्रवेश से पूर्व विगत विषम सेमेस्टर की पुस्तकें पुस्तकालय में जमा कर **प्रवेश फार्म के ऊपर पुस्तकालय से No Dues लिखवाने के उपरान्त ही प्रवेश दिया जायेगा।**
11. **प्रवेश की अन्तिम तिथि 02 मार्च 2024 निर्धारित है।**
12. विगत विषम सेमेस्टर में जिन विद्यार्थियों द्वारा TC/CC/Migration/ Gap CC इत्यादि के अभाव में प्रार्थना–पत्र (Undertaking) के आधार पर Provisional Admission लिया हो तो ऐसे विद्यार्थी सम्बन्धित दस्तावेज यथाशीघ्र प्रवेश समिति को उपलब्ध करा दें अन्यथा की दशा में प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
13. **समस्त विद्यार्थी आन्तरिक परीक्षाओं (Internal Assessment) हेतु महाविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथियों के अनुसार लिखित परीक्षा/असाइन्मेटंस/असांइमेन्ट प्रजैनटेशन हेतु जारी Date Sheet के अनुसार उपस्थित होना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि में उपस्थित न होने की दशा में सम्बन्धित छात्र–छात्रा को अनुपस्थित दर्ज कर दिया जायेगा तथा जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व विद्यार्थी के स्वयं का होगा।**
14. प्रत्येक विद्यार्थी की कक्षा–उपस्थिति अनिवार्यतः विश्वविद्यालय **मानकानुसार न्यूनतम 75% होनी अनिवार्य है।**
15. विद्यार्थी महाविद्यालय में **निर्धारित ड्रेस कोड के अनुसार** ही आना सुनिश्चित करेगें।

नोट– *दिनांक 26/02/2024 से समय–सारणी (Time-Table) के अनुसार नियमित कक्षाऐं संचालित होंगी। अतः सभी समस्त विद्यार्थी वि0वि0 मानकानुसार कम से कम 75% उपस्थिति दर्ज करायें।*

प्राचार्य